<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 21.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे से होगी राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, राज्यकर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना का संशोधित प्रस्ताव को मिल सकती है मंजूरी।
2. राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा– झारखंड में जल्द शुरु होगा ट्राइबल और माइनिंग टूरिज्म, अड़की से भगवान बिरसा मुंडा के गांव तक बनेगा पहला टूरिज्म कोरिडोर।
3. झारखंड पुलिस की ओर से कल राज्य के सभी 24 जिलों में आयोजित किया जायेगा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम, डीजीपी ने सभी एसपी को दिये आवश्यक निर्देश।
4. वन एवं पर्यावरण विभाग की ओर से रांची में आयोजित हुआ राज्यस्तरीय कार्यशाला, विशेषज्ञों ने जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों के प्रति सचेत रहने की दी हिदायत।
5. हॉकी इंडिया लीग के महिला वर्ग में आज जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का सामना ओडिशा वारियर्स से रांची में और पुरुष वर्ग में यूपी रुद्रास का मुकाबला टीम गोनासिका से राउरकेला में होगा।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज शाम चार बजे राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक करेंगे। रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कई प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है। बैठक में राज्यकर्मियों के स्वास्थ्य बीमा योजना के संशोधित प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिलने की संभावना है।

******************

देश के पूर्व राष्ट्रपति और उच्च समिति के अध्यक्ष रामनाथ कोविंद ने एक देश–एक चुनाव की फिर वकालत की है। उन्होंने कहा है कि यह देश के आर्थिक विकास में गेम चेंजर साबित होगा।

******************

राज्य के नगर विकास, पर्यटन और उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा है कि झारखंड में जल्द ही ट्राइबल टूरिज्म शुरु होगा। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि पहला ट्राइबल टूरिज्म तमाड़ के अड़की से उलिहातू होते हुए विकसित किया जायेगा। यहां पर्यटक भगवान बिरसा मुंडा की जन्म स्थली के साथ ही आदिवासी संस्कृति, रहन–सहन और खान–पान से भी रुबरु होंगे।

******************

राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर स्कूली शिक्षा की समस्या और जैक अध्यक्ष के पद को लेकर चर्चा करेंगे। इस चर्चा के बाद स्कूली शिक्षा सचिव को जैक अध्यक्ष का प्रभार मिल सकता है। बैठक में इस साल की मैट्रिक और इंटर परीक्षा की तैयारी को लेकर भी चर्चा होगी। गौरतलब है कि झारखंड में इस साल मैट्रिक और इंटर की परीक्षा अपनी निर्धारित तारीख पर ही होगी।

******************

झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ में ओडिशा सीमा पर कल रात एक संयुक्त अभियान में 14 माओवादी मारे गए। हमारे संवाददाता ने बताया कि कुल्हाड़ीघाट आरक्षित वन क्षेत्र में बड़ी संख्या में माओवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद छत्तीसगढ़ और ओडिशा पुलिस के अलावा सीआरपीएफ कर्मियों द्वारा एक संयुक्त अंतर–राज्यीय अभियान शुरू किया गया था।

यह ऑपरेशन छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले और ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के सीमावर्ती इलाकों में चलाया गया।

******************

राज्य सरकार नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए कई स्तरों पर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में कल राज्य के सभी 24 जिलों में पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इस संबंध में सभी जिलों के एसपी को आदेश जारी किए हैं। इससे पहले 18 दिसंबर को भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र समाधान करना और प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाना है।

******************

देवघर के मधुपुर में पंच मंदिर रोड स्थित श्याम मंदिर और हनुमान मंदिर से चोरों ने करीब 20 लाख रुपये के जेवरात की चोरी कर ली। मंदिर के दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर चोरों ने देर रात को घटना को अंजाम दिया। बताया जाता है कि चोरों ने खाटू वाले बाबा श्री श्याम और बजरंगबली की प्रतिमा के ऊपर लगे चांदी के मुकुट, छत्तर, तीर–धनुष और हार समेत कीमती आभूषणों की चोरी कर ली। घटना की सूचना पुजारी रामनरेश ने मंदिर प्रबंधन और पुलिस प्रशासन को दे दी है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

******************

सिमडेगा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा की अदालत ने पॉक्सो एक्ट के एक मामले में दोषी कुल्लू नायक उर्फ कैलाश नायक को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। दोषी ने वर्ष 2022 में बानो प्रखंड के गिरदा ओपी क्षेत्र में 5 वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

******************

राज्य के वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से आज राजधानी रांची में एक राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उदघाटन विभागीय सचिव अबू बकर सिद्धिकी ने किया। मौके पर कई स्थानों से आये पर्यावरणविदों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस दौरान जलवायु परिवर्तन के जोखिमों पर चर्चा हुई और इससे होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को सचेत रहने की सलाह दी गयी। इस अवसर पर वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव अबू बकर सिद्धिकी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से होने वाले दुष्परिणाम के शिकार देश के चार प्रमुख राज्यों में झारखंड भी शामिल है।

******************

कोडरमा के झुमरी तिलैया में लगे मडुवा के लड्डू, कुकीज और आलू चिप्स यूनिट महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कारगर साबित हो रहे हैं। इन दोनों यूनिट से एक हजार महिलाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जोड़ा गया है।

******************

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान आग की घटनाओं से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। लाखों कल्पवासियों और करोड़ों श्रद्धालुओं को आकर्षित करने वाला मेला क्षेत्र को व्यापक अग्नि सुरक्षा के बुनियादी ढांचे से सुसज्जित किया गया है।

******************

हॉकी इंडिया लीग में आज महिला वर्ग में, जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का सामना ओडिशा वारियर्स से होगा। मैच रांची में शाम 6 बजे से शुरू होगा। पुरुष वर्ग में यूपी रुद्रास का सामना टीम गोनासिका से होगा। ये मैच राउरकेला में रात सवा आठ बजे से खेला जाएगा।

***************